ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 344 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

11 जून 2025 बुधवार

आज का मौसम

39 अधिकतम

28 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

### मप्र में तीन साल बाद तबादलों का मौसम झूमकर आया मगर कई झोल भी

# मंत्रियों ने अटकाए तबादले फिर 7 दिन और हासिल किए, ठीकरा शिक्षा विभाग के पोर्टल पर फोड़ा!

## मंत्री विजयवर्गीय को छोड़ ज्यादातर मंत्री तारीख बढ़वाने में जुटे रहे

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में तीन साल बाद आए तबादलों के मौसम का विस्तार होता ही जा रहा है। अब तक महकमों की तबादला यात्रा में कई झोल सामने आ रहे हैं। खास बात यह है कि तबादलों के लिए कई मंत्री शुरुआती समय में सुस्त रहे, प्रभार वाले जिलों में भी कर्मचारी चक्कर काटते रहे। दूसरी तरफ सूत्रों का कहना है कि अधिकांश महकमों के अफसरों ने तबादला सूची आदि भी तैयार कर रखी थी लेकिन मंत्रियों के अनुमोदन के चलते अटकी रहीं। अब कर्मचारी इन गड़बड़ियों के लिए महकमों - मंत्रियों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। आरोप है कि मंत्रियों ने ही सूची अटकाकर रखी है, इसके पीछे कई वजह बताई जा रही है। कई कर्मचारी तो भोपाल तक मंत्रियों के बंगलों के चक्कर काट चुके हैं। माना जा रहा है कि लगातार डेडलाइन बढने से अब तबादलों का आकार भी बढेगा और मंत्रियों के पचमढी ट्रेनिंग कैंप से लौटने के बाद आखिरी तारीख पर जमकर लिस्ट निकलेंगी और इसके बाद बैक डेट वाला 'आप्शन' भी चलेगा। अभी जिन महकमों पर आरोप लग रहे हैं वे कर्मचारी कल्याण का हवाला दे रहे हैं और इसी हवाले के चलते कई मंत्रियों ने कैबिनेट बैठक में तबादलों की तारीख बढ़ाने की भरसक पैरवी की। सूत्रों की मानें तो ठीकरा शिक्षा विभाग



के पोर्टल पर फोड़ा गया और यह तक कहा गया कि पोर्टल खराब है इसलिए आवेदनों का निराकरण नहीं किया जा सका। दूसरे मंत्रियों ने भी आवेदनों का निराकरण करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने तबादलों की अंतिम तारीख बढ़ाकर 17 जून कर दी।

उधर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तबादलों की तारीख आगे बढ़ाए जाने के पक्ष में नहीं थे, उन्होंने यह बात कैबिनेट बैठक की ब्रीफिंग में कही। चूंकि शिक्षा विभाग का पोर्टल तैयार नहीं था लिहाजा सभी विभागों को डेडलाइन बढने का फायदा मिल गया। हालांकि कैबिनेट बैठक के अंदर उन्होंने इस बात का जिक्र नहीं किया। तबादलों की तारीख 10 जून थी, जिसे बढ़ाकर 17 जून करने पर सहमति दी।

### तारीख बढ़ाने के पीछे ये तर्क

तबादलों में दिक्कतों की बात स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल में गड़बड़ी को लेकर शुरू हुई। पोर्टल् नहीं चलने के कारण तबादलों का निराकरण नहीं किया जा सका। मंत्रियों का तर्क है कि आज 10 जून है, जो कैबिनेट बैठक् में शामिल होने और यहां से लौटने में ही गुजर जाएगा। ऐसे में निर्णय लेना संभव नहीं है। दूसरी तरफ मंत्रियों का यह भी तर्क है कि 14 जून से पचमढ़ी में शुरू होने वाले विशेष सत्र में शामिल होने के लिए 13 जून को ही निकलना होगा। लिहाजा तीन दिन उसमें व्यस्त रहेगे। इस दौरान भी कुछ नहीं कर पाएंगे।

## सीएम गुजरात प्रवास पर, मूंग के लिए व्यापारियों को 'प्रेरित' करेगी सरकार



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव आज गुजरात के प्रवास पर रहेंगे। डॉ यादव सुबह भोपाल से गुजरात के जामनगर जाएंगे। वहां वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मोहन यादव ने कहा कि कृषि उपज मंडियों में पारदर्शी व्यवस्था बनाकर मूंग खरीदी की जाएगी और किसानों को मूंग के उचित दाम मिलें, इसके लिए व्यापारियों को बोली लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूंग पर मंडी शुल्क में राहत दी जा सकती है या नहीं इसकी जांच की जायेगी। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और आईटीसी को मूंग नीलामी में शामिल करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। हमारा प्रयास यह है कि मंडियों में मूंग की मॉडल दरे बढ़कर लगभग 7500 रूपये प्रति क्विंटल हो जाये। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बाहर से आने वाले व्यापारियों को नये मंडी लायसेंस भी दिये जायेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। खेती और किसानी राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

## पीएम से मिलने से पहले मंत्रियों को कराना होगा कोरोना टेस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

देश में कोरोना वायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए आरटी पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। देशभर में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 7121 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 300 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1223, दिल्ली में 757 और पश्चिम बंगाल में 747 पॉजिटिव मरीज हैं।

## लालू यादव ने मनाया 78वां जन्मदिन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का आज 78वां जन्मदिन है. पार्टी कार्यकर्ता से लेकर समर्थक तक पूरे राज्य में जन्मदिन का जश्न मना रहे हैं. लालू यादव ने आधी रात को केक काटकर जन्मदिन की शुरुआत की. इस खास मौके पर आरजेडी नेता और कार्यकर्ताओं का पूर्व सीएम राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर तांता लगा रहा. सभी ने लालू को जन्मदिन की बधाइयां दीं.

## मणिपुर के पांच जिले में निषेधाज्ञा में 12 घंटे की ढील

**इंफाल, एजेंसी।**

मणिपुर के पांच जिलों में बुधवार को लोगों आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी करने के लिए निषेधाज्ञा में 12 घंटे की ढील दी गयी है, जिससे लोग घरों से बाहर निकले। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व,



काकचिंग, थौबल और बिष्णुपुर में सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक निषेधाज्ञा में ढील दी गयी है। हालांकि, इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध अभी भी लागू है। निषेधाज्ञा में ढील दिये जाने के बाद बाजारों में भारी भीड़ देखने को मिली। लोग आवश्यक खाद्य वस्तुओं की खरीद के लिए बाहर निकले। इस दौरान लोगों इंटरनेट पर प्रतिबंध और एटीएम में नकदी की अनुपलब्धता के कारण वित्तीय लेनदेन बाधित होने की शिकायत की। मु य बाजार वाइरामबंद कीथेल में सब्जी बेचने वाली महिला लिंथोई ने कहा कि नकदी की कमी, विशेष रूप से 500 रुपये से कम की नकदी के कारण लेनदेन में समस्या हुयी। , जिससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। तीन दिनों से बंद पड़े तेल डिपो बुधवार को खुल गए। राज्य में शैक्षणिक संस्थान अभी तक नहीं खुले हैं।

### भारत के शुभांश जाने वाले थे अंतरिक्ष में

# चौथी बार अंतरिक्ष की उड़ान टली

## ऑक्सीजन लीकेज पता चली

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए लॉन्च होने वाला एक्सिओम-4 मिशन आज चौथी बार फिर टाल दिया गया है। आज इसे भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। मगर इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन यानि इसरो ने बताया कि फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट की लॉन्चिंग पहले बुधवार सुबह लॉन्च व्हीकल के बूस्टर स्टेज की परफॉर्मेंस चेक की गई। इस दौरान लॉन्च पैड पर 7 सेकेंड का हॉट टेस्ट किया गया। तभी प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक का पता चला, जिसके बाद मिशन को स्थगित कर दिया गया। नई तारीख का ऐलान जल्द होगा। इससे पहले



29 मई को मिशन लॉन्च होना था। बाद में इसे 8 जून को शेड्यूल किया गया। उसके बाद इसे 10 जून, फिर 11 जून को शेड्यूल किया गया था।

एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। भारत के शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। यदि सब कुछ ठीक रहात तो शुभांशु सहित चारों एस्ट्रोनॉट अगर आज रवाना हो जाते और वे कल रात 10 बजे आईएसएस पहुंचते।

### इस मिशन का उद्देश्य

स्टेशन बनाने की प्लानिंग है। इसके लिये अंतरिक्ष में रिसर्च और नई टेक्नोलॉजी को टेस्ट करना है। ये मिशन प्राइवेट स्पेस ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए भी है और एक्सिअम स्पेस प्लानिंग का हिस्सा है, जिसमें भविष्य में एक कॉमर्शियल स्पेस स्टेशन (एक्सिअम स्टेशन) बनाने की योजना है।

### लॉस एंजिल्स में कर्फ्यू लगाया

## अमेरिका में हालात बेकाबू, ट्रंप ने विद्रोह कानून लगाने की चेतावनी दी



**लास एजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में पांच दिनों से जारी प्रदर्शन के कारण शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने इमरजेंसी की घोषणा की है। वहीं, लॉस एंजिलिस के डाउनटाउन के कुछ हिस्सों में रात 8 बजे से बुधवार 6 बजे तक भी कर्फ्यू लगा है। यह प्रदर्शन अमेरिका के 12 राज्यों के 25 शहरों तक फैल चुका है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू कर सकते हैं।

## महज 7 दिन में बढ़ गया देशभर में 13 डिग्री पारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

देशभर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले सात दिन में देशभर के तापमान में 8 से 13 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है। पंजाब का बठिंडा 47.6°C के साथ देश में सबसे गर्म शहर है। वही, हरियाणा के सिरसा में पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में भी गर्मी और हीटवेव का तेज असर जारी है। राजस्थान के 3 शहरों का तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। इनमें श्रीगंगानगर में 47.4°C, कोटा में 46.3एष्ट और बीकानेर में पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि देश के उत्तरी राज्यों- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में दो दिन लू का अलर्ट है।

### मेघालय पहुंचे इंदौर के व्यवसायी की हत्या के सभी अभियुक्त

# सोनम का सामना मेघालय में किलर्स से कराएगी पुलिस

**शिलांग/इंदौर, एजेंसी।**

पत्नी के धोखे का शिकार होकर जान गंवा बैठे इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) की हत्या की आरोपी पत्नी सोनम (24) को लेकर पुलिस आज सुबह शिलॉन्ग पहुंच गई है। वहीं बीती रात उसके चार साथियों को लेकर इंदौर से निकली पुलिस टीम के शिलॉन्ग पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद सभी आरोपियों को एक साथ आज स्थानीय कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले देर रात मेघालय पुलिस सोनम को लेकर गुवाहाटी एयरपोर्ट पहुंची,सोनम का मेडिकल चेकअप रात करीब तीन बजे कराया गया। शिलॉन्ग पुलिस कोर्ट में इनकी रिमांड मांगेंगी। इसके बाद आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। सीन रिक्रिशन कराने की बात भी कही सामने आ रही है। फिलहाल, सोनम को शिलॉन्ग के सदर थाने में रखा गया है, जहां सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। थाना कैंपस के भीतर भी किसी को जाने की अनुमति नहीं है।



### हर दिन हो रहे नए खुलासे

इधर राजा रघुवंशी हत्याकांड में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने अब मीडिया के समक्ष सोनम और उसकी मां पर गंभीर आरोप लगाए है। विपिन ने दावा किया कि सोनम की मां को उसकी साजिश की पूरी जानकारी थी, लेकिन उसने इसे छुपाया. विपिन ने बताया, 11 मई को राजा और सोनम की शादी हुई थी। शादी के बाद सोनम 13 मई को अपने मायके गई और 20 मई को राजा के साथ हनीमून के लिए वाया बेंगलुरु-गुवाहाटी होते हुए शिलांग के लिए रवाना हुई। जबकि उनको सिर्फ कामाख्या देवी के दर्शन करके ही वापस आना था। विपिन के मुताबिक, सोनम ने अपनी मां से पहले ही कह दिया था, जिससे तुम मेरी शादी कराओगे, उसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

### हत्या के बाद मां थी राजदार

राज के भाई विपिन ने आरोप लगाया कि सोनम की मां को उसकी प्रेम कहानी और साजिश की पूरी जानकारी थी, लेकिन उसने यह बात राजा के परिवार से छिपाई और अब सोनम की मां बार-बार बेहोश होने का ड्रामा कर रही है। विपिन ने सनसनीखेज दावा किया कि हत्या के बाद (23 मई से 8 जून तक) सोनम अपनी मां से रोज 6-6 घंटे फोन पर बात करती थी। सोनम का प्रेमी कौन है, यह भी उसकी मां को पता था। दूसरी तरफ सोनम के भाई गोविंद ने राजा के परिवार से कहा कि वे खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर बयान देंगे कि सोनम को फांसी होनी चाहिए।

## बस-ट्रक की टक्कर, 18 से अधिक पुलिसकर्मी घायल

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में बस और ट्रक की टक्कर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में सिवान जा रहे 18 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 45 पुलिसकर्मियों से भरी बस छपरा - आरा बीर कुंवर सिंह सेतु से होकर सिवान जा रही थी।सेतु पर ही डोरीगंज थाना क्षेत्र में बस खराब होने पर बस चालक उसे किनारे लगाकर उसकी जांच पड़ताल कर रहा था,उसी समय एक अनियंत्रित ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में 18 से अधिक पुलिसकर्मी और बस चालक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी चिकित्सा की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ट्रक को जब्त कर थाना ले आयी है।

**मेट्रो एंकर**

### 18 साल बाद खिताब जीतते ही फूटी किस्मत, निवेशकों के संपर्क में 'मालिक'

# टीम आरसीबी 17 हजार करोड़ में बिकने बाजार में!

**बंगलुरू/नई दिल्ली।, एजेंसी।**

**पूरे 18 साल तक आईपीएल में खिताब जीतने के लिये संघर्ष करने और हाल में पहली बार इसे हासिल करने वाली विराट कोहली व अन्य स्टार प्लेयर्स वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुर टीम की हालत खराब है। टीम के चाहने वालों पर से जीत के जश्न का खुमार अभी उतरा नहीं है, हालांकि पहले तो स्टेडियम के बाहर भगदड और 11 मौतों ने इन्हें झटका दिया और अब खबर है कि शराब बनाने वाली प्रमुख कंपनी डियाजियो ने इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स में अपनी हिस्सेदारी बेचने की संभावना तलाशनी शुरू कर दी है।**

यह कदम बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ के कुछ दिनों बाद उठा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीम की बहुमत वाली डियाजियो ने निवेश बैंकों और वित्तीय सलाहकारों से संपर्क किया है ताकि फ्रेंचाइजी के संभावित मूल्यांकन और बाजार में इसकी अपील का आकलन किया जा सके। रिपोर्ट्स में दावा है कि करीब 17 हजार करोड़ रुपये में टीम का मालिकाना हक ट्रांसफर होगा। हालांकि, ऑफिशल बयान नहीं आया है। मगर यह कदम बेंगलुरु में हुई घटना के बाद उठना गौरतलब है। दरअसल चिन्नास्वामी स्टेडियम में 24 मई को हुई भगदड़ के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जब आईपीएल फाइनल के बाद टीम के जश्न को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े थे। एंट्री गेटों पर पर भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिससे कई लोग घायल हो गए।



### घटना ने पैदा की चुनौतीपूर्ण स्थिति

माना जाता है कि इस घटना ने डियाजियो के लिए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है, क्योंकि कंपनी अपनी ब्रांड छवि और आईपीएल से जुड़े जोखिमों का पुनर्मूल्यांकन कर रही है। डियाजियो ने 2014 में विजय माल्या से आरसीबी की बहुमत हिस्सेदारी हासिल की थी, उस समय से टीम का प्रदर्शन मिश्रित था। विशेषज्ञों का मानना है कि डियाजियो की हिस्सेदारी बेचने की संभावना कई कारकों से प्रभावित हो सकती है, जिसमें आईपीएल की लगातार बढ़ती लोकप्रियता, टीम के प्रदर्शन और भारत में खेल की व्यापक व्यावसायिक क्षमता शामिल है।

### कौन होगा खरीदार

हालांकि, हालिया भगदड़ की घटना निस्संदेह किसी भी संभावित खरीदार के लिए एक चिंता का विषय होगी। डियाजियो या आरसीबी की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कंपनी के प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जबकि आरसीबी प्रबंधन ने भी किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। यह देखना बाकी है कि क्या डियाजियो वास्तव में आरसीबी में अपनी हिस्सेदारी बेचता है और अगर ऐसा होता है तो संभावित खरीदार कौन हो सकता है। फिलहाल, इस कदम ने खेल और व्यापार जगत दोनों में अटकलों को जन्म दे दिया है।

## सुंदरकांड पाठ



भोपाल। ज्येष्ठ मास की बट सावित्री व्रत पूर्णिमा आखिरी बड़े मंगलवार के दिन शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ, भंडारा, मोगरा व 151 किलो केले का महाभोग आलौकिक श्रृंगार कर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पं. हरि जोशी ने बताया कि हर वर्ष ज्येष्ठ मास बड़े मंगलवार को शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा पर कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो निर्मल व्यास

## कबीर जयंती



भोपाल। शहर के पुराने विधानसभा के सामने कोरी समाज द्वारा कबीर जयंती मनाई गई।

### करीब 600 करोड़ खर्च करके 541 किमी पाइप लाइन बिछेगी

# 24 घंटे पानी सप्लाई: नया पेयजल नेटवर्क बनेगा, एक लाख घर जुड़ेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में अब 2040 तक की जरूरतों के हिसाब से पेयजल नेटवर्क मजबूत करने की योजना पर काम शुरू हुआ है। करीब डेढ़ साल की कवायद के बाद नगर निगम ने अमृत-2.0 प्रोजेक्ट के तहत नई पाइपलाइन बिछाने के लिए एजेंसी तय कर ली है। इसके बाद मंशा 24 घंटे पानी सप्लाई की है। इसके तहत 582 करोड़ रुपए खर्च करके 541 किमी नई डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जाएगी। एक लाख नए घरों को इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा 36 ओवरहेड टैंक बनेंगे और उन्हें जोड़ने के लिए 53 किलोमीटर मेन फीडर लाइन डाली जाएगी। बताया जाता है कि इस काम के लिये अहमदाबाद की एलसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को टेंडर दिया गया है। यही कंपनी शहर के तालाबों में जाने वाले सीवेज को रोकने का काम भी कर रही है। महापौर मालती राय की अध्यक्षता में हुई एमआईसी बैठक में यह प्रस्ताव पास हो चुका है। अब अगले सप्ताह संभावित नगर निगम परिषद की बैठक में इस पर चर्चा की संभावना है। हलांकि एमआईसी ने हुजूर, गोविंदपुरा और नरेला विधानसभा क्षेत्रों के 600 करोड़ रुपए के सीवेज नेटवर्क टेंडर निरस्त कर दिए हैं। सोलर पैनल लगाने की नीति बदलने के कारण ऐसा हुआ है। अब दोबारा टेंडर निकाले जाएंगे।



दरअसल, अमृत-2.0 के तहत भोपाल में 24 घंटे पानी सप्लाई करने की योजना है। सबसे पहले शक्ति नगर और गौतम नगर से पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत होगी। इससे 4 हजार परिवारों को फायदा होगा। बाद में पूरे शहर में इसे लागू किया जाएगा। करीब 10 साल पहले नेहरू नगर में भी इस तरह का प्रयास किया गया था। बताते हैं कि नया नेटवर्क शहर की नई कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों को जोड़ेगा। इसमें रातीबड़, नीलबड़, मालीखेड़ी, हथाईखेड़ा, बगली, दानिश हिल्स, गुराड़ी घाट, लहारपुर, अरविंद विहार समेत करीब 1000 से ज्यादा कॉलोनियां शामिल हैं। शहर में पहले ही 4200 किमी पाइप लाइन बिछी हुई है। जिनमें से 100 किमी पुरानी पाइपलाइन बदली जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने पिछले डेढ़ साल में पेयजल नेटवर्क के लिए तीन बार टेंडर निकाले। तीसरी बार में कॉन्ट्रैक्ट फाइनल हो सका। निगम का अनुमान 446 करोड़ रुपए का था। लेकिन टेंडर 30 फीसदी ज्यादा, यानी 582 करोड़ रुपए में मंजूर हुआ। भोपाल में रोजाना 450 एमएलडी पानी सप्लाई होता है। 2040 तक 575 एमएलडी पानी की जरूरत होगी।

### शाहपुरा तालाब का भी जीर्णोद्धार!

नगर निगम ने शाहपुरा के तालाब के जीर्णोद्धार पर 8.25 करोड़ रुपए खर्च करने की मंजूरी दी है। इसमें तालाब को सीवेज मुक्त करना, गाद निकालना, पाथवे और वॉकवे बनाना शामिल है। अभी यह तालाब कई स्थानों पर अव्यवस्था का शिकार है।

### इन्हें भी मंजूरी...

धोबीघाट (यादगारे शाहजहांनी पार्क के पास) निर्माण, मेट्रोके लिए अर्जुन नगर-2 के 69 झुग्गीवासियों के पुनर्वास, पीएम आवास योजना के दो प्रोजेक्ट की समय सीमा बढ़ाने और उपायुक्त चंचलेश गिरहारे की सेवाएं निगम में संविलियन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने पर भी सहमति बनी।

### मुसाफिरों का ट्रेन तक पहुंचना मुश्किल

# प्लेटफार्म के पास ऑटो व बस सभी का अड्डा!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 की ओर आना-जाना दि पर दिन मुश्किल होता जा रहा है। ऑटो रिक्शा ही नहीं, सुबह के समय तो यात्रियों को इंदौर ले जाने वाली बसें तक यहां खड़ी होने लगी हैं। इसका नतीजा यह होता है कि जो यात्री अपनी ट्रेन पकड़ने समय से इस एंट्री तक पहुंच जाते हैं, उनकी ट्रेनें तक छूट जाती हैं या दौडते भागते बदहवास ट्रेन तक पहुंच पाते हैं।

इस समस्या से रेलवे व अन्य एजेंसी अनजान भी नहीं हैं। रेलवे स्टेशन की डेवलपमेंट कमेटी के सदस्यों ने भी महिला यात्रियों की ट्रेनें छूटने की शिकायत मीटिंग में की थी। इसके बाद थोडा एक्शन लेते हुए यहां खडे ऑटोवालों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। हालांकि इस सख्ती का ज्यादा असर नहीं दिखा। थोड़ी देर बाद फिर ऑटोवाले खड़े हो गए। अब कल रेल प्रबंधन के आदेश के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने करीब 15 ऑटो रिक्शा वालों पर कार्रवाई की और उन पर जुर्माना लगाया। मगर इसके कुछ देर बाद, यानी दोपहर के समय, फिर कई ऑटो रिक्शा प्लेटफॉर्म नंबर-6 की एंट्री के भीतर यात्रियों व वाहनों के आवागमन के रास्ते पर खड़े नजर आने लगे। आरपीएफ टीआई मनीष कुमार ने बताया कि हर ऑटो रिक्शा वाले पर प्रकरण दर्ज कर हिदायत दी गई और प्रत्येक पर 500-500 रुपए जुर्माना तक किया गया है। दरअसल इस जगह पर यात्रियों की भीड़ रहती है। जब ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी होती है तो कई बार जाम के हालात बन जाते हैं। ऐसे में लोगों के आपस में विवाद भी होते हैं। इसके अलावा यात्रियों को छोड़ने आने वाले लोग भी अपने वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे भी कई बार समस्या होती है।

### मेट्रो का काम बना बाधा

इस अव्यवस्था का एक कारण मेट्रो का काम स्टेशन परिसर में चलना भी माना जा सकता है। इस वजह से प्रबंधन ने रास्ते में बदलाव करते हुए व्यवस्थाओं को बदला है। लेकिन बस, ऑटो वालों के अलावा कुछ दुकानदारों व ठेले वालों के कारण भी अव्यवस्था ज्यादा हो रही है। इसके चलते जब ट्रेनों के आने का वक्त होता है तो जबर्दस्त अफरातफरी के हालात बन जाते हैं।



# सांसद की नाराजगी के बाद जमे हुए 33 पटवारियों को हटाया

### ...लेकिन अभी भी कई बचे!

**भोपाल।** तबादलों के सीजन के आखिरी लम्हों में राजधानी में एक ही तहसील में तीन साल से ज्यादा से जमे 33 पटवारियों को हटा दिया गया। इनके अलावा चार राजस्व निरीक्षकों के भी तबादले किए गए हैं। इन्हें एक तहसील या हल्के से दूसरी तहसील में भेजा गया है। खास बात यह है कि भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने करीब 8 महीने पहले प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप के सामने यह मुद्दा उठाया था। मंत्री ने भी माना था कि इससे आफिस की छवि बिगड़ती है। हालांकि, सांसद शर्मा ने जितने पटवारियों की लिस्ट कलेक्टर को सौंपी थी, उसमें से अभी पूरे नहीं हटाए गए हैं। सूत्रों की मानें तो यह लिस्ट 183 पटवारी और आरआई की थी। इनमें ऐसे कई पटवारी रहे हैं जिन्हें एक ही तहसील में बेहद लंबा समय हो गया। इनमें पटवारी भगवत सिंह धनगर, नरेंद्र बचोतिया, योगेंद्र कुमार सक्सेना, धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, नासिर उद्दीन, महेश कुमार बंकरिया, मनोहर सिंह राजपूत, नई अहमद, सदाशिव गौड़, रेणू पटेल, नीलिमा नागर, रमेश शर्मा, प्रदीप गौर, अर्चना भटनागर, जयेंद्र चंदेलकर, मंगलेश खंडेलवाल, मुकुल सराठे, प्रियंका सिलावट, दीक्षा शर्मा, अभिषेक शर्मा, अंकुर साहू, शिवाजी मिश्रा, आलोक इंदौरिया, प्रीति गुप्ता आदि के नाम सामने आए थे। सांसद ने हुजूर-बैरसिया तहसील के 84-84 और कोलार तहसील के 15 पटवारियों की लिस्ट दी थी। इन्हें 3 साल से ज्यादा अवधि एक ही तहसील या हल्के में हो गई। जानकारी के अनुसार, हुजूर तहसील में 104, बैरसिया तहसील में 103 और कोलार तहसील में 24 पटवारी हल्के है।

# संत हिरदाराम नगर-मुंबई सीधी ट्रेन व स्टॉपेज भी स्थायी हो

### सिंधी सेंट्रल पंचायत ने सांसद आलोक शर्मा को लिखा पत्र

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी सेंट्रल पंचायत ने सांसद आलोक शर्मा को पत्र लिखकर 8 ट्रेनों का स्टॉपेज की मांग की है। साथ ही संतनगर से पश्चिमी दिशा वाया उज्जैन, रतलाम, बड़ौदा, सूरत से मुंबई सेंट्रल तक एक नई सीधी ट्रेन का भी आग्रह किया है। पंचायत ने पत्र में कहा है कि चार साल पहले दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री से एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की थी, जिसके बाद रेल मंत्रालय ने संतनगर स्टेशन को अमृत भारत पुनर्विकास योजना में शामिल किया था। 6 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से ऑनलाइन 21 करोड़ की लागत से स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का शुभारंभ किया था।

सिंधी सेंट्रल पंचायत के संरक्षक प्रकाश मीरचंदानी, पंचायत सलाहकार और रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के राष्टीय सदस्य नितेश लाल, अध्यक्ष चंद्रप्रकाश इसरानी और महासचिव सुरेश जसवानी ने सांसद का ध्यान उन 8 ट्रेनों पर केंद्रित किया है, जिनका अघोषित ठहराव तो है, लेकिन आज तक उनका अधिकृत ठहराव घोषित नहीं किया गया है।




### कारोबारी केंद्र की अनदेखी

पंचायत ने सांसद को अवगत कराया है कि संत हिरदाराम नगर, इंदौर के बाद प्रदेश का सबसे बड़ा कपड़े एवं बर्तनों का थोक व फुटकर बाजार है। यहां प्रदेश के लगभग 36 जिलों से फुटकर व्यापारी खरीदी के लिए आते हैं, और एक अनुमान के अनुसार, कपड़े व बर्तनों को मिलाकर हर साल लगभग 20 से 25 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होता है। पंचायत ने जोर दिया कि चारों दिशाओं से हजारों की संख्या में भोपाल के बाहर के फुटकर व्यापारी यहां आते हैं, जिन्हें इन ट्रेनों के अधिकृत ठहराव से अत्यधिक सुविधा होगी।

### इन ट्रेनों के ठहराव की मांग

12923/12924 डॉ. आम्बेडकर नगर-नागपुर एक्सप्रेस, 20846/20847 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 19301/19302 डॉ. आम्बेडकर नगर-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 20917/20918 चेन्नई-पुरी हमसफर एक्सप्रेस, 12719/12720 हैदराबाद-जयपुर सुपरफास्ट, 20973/20974 रामेश्वरम-हमसफर एक्सप्रेस, 20911/20912 वंदे भारत, 20973/20974 जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस व 20843/20844 भगत की कोठी। पंचायत पदाधिकारियों ने सांसद आलोक शर्मा को उनकी उस घोषणा पर ध्यान दिलाया है, जिसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव के पूर्व संत हिरदाराम नगर से व्हाया उज्जैन, रतलाम, बड़ौदा एवं सूरत से मुंबई सेंट्रल के लिए नवीन ट्रेन प्रारंभ कराने का वादा किया था।

**मेट्रो एंकर** | शिक्षकों के लिए संस्कार स्कूल में हुआ सेमिनार

# सकारात्मक सोच और व्यावहारिक दृष्टिकोण पर जोर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम जानकारी और अनुभवी प्रोफेसरों के विचारों को पहुंचाना था। पहले सत्र में, कर्नल नारायण पारवानी ने स्कूल में सकारात्मक और गतिशील वातावरण का निर्माण विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की सोच को सकारात्मक और गतिशील बनाने, उनमें अनुशासन के महत्व को बढ़ाने और उन्हें हर मौसम में स्कूल आने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कर्नल पारवानी ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षकों का उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ नैतिकता और मनोबल दोनों को बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने पैरेंट-टीचर मीटिंग के महत्व को भी समझाया, जहाँ अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके गुणों और अवगुणों से भी अवगत कराया जाना चाहिए।




दूसरे सत्र में, डॉ. नरेन्द्र दवे ने शिक्षा के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण को बढ़ाना विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अगर आप में प्रतिभा है तो आप एक न एक दिन सफल होकर रहेंगे, आपको कोई नहीं रोक सकता। डॉ. दवे ने आज के समय में ज्ञान के साथ डिग्री की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि केवल ज्ञान से काम नहीं चलता। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव और जीवन में व्यावहारिक दृष्टिकोण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सेमिनार का उद्घाटन कर्नल नारायण पारवानी, डॉ. नरेन्द्र दवे, संस्था के सचिव बसंत चेलानी और कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संस्था के सचिव चेलानी ने बताया कि नए सत्र से पहले हर साल ऐसे सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। अंत में, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समय प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया और कहा कि शिक्षकों को अपने छात्रों की सफलता से गौरव महसूस होगा। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल, लेखापरीक्षक पुरुषोत्तम टिलवानी, प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# साध्वी द्रौपदी धनवानी की पुण्य तिथि पर सत्संग और कीर्तन

### तैयारी को लेकर बैठक, चमनजीत सिंह आएंगे

**हिरदाराम नगर.** साध्वी द्रौपदी धनवानी जी की प्रथम पुण्यतिथि 12 जून को मनाई जाएगी। आयोजन में शामिल होने के लिए भाई चमनजीत सिंह महाराज दिल्ली से आ रहे हैं। साध्वीजी की शिष्या सोनी लालवानी ने बताया कि पुण्यतिथि के कार्यक्रमों का सिलसिला 9 जून से ही प्रारंभ हो गया है। सुबह 6 बजे से धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसमें चार दिनों तक 108 संगत मिलकर श्री सुखमनी साहिब का पाठ करेंगी। मुख्य कार्यक्रम 12 जून को अमृतवेले (भोर) 5:00 बजे भोग साहिब होगा. इसके उपरांत, सुबह 6:00 बजे दिल्ली से विशेष रूप से सत्संग एवं प्रवचन करने के लिए जाने-माने कीर्तनकार एवं कथाकार भाई चमनजीत सिंहजी संत नगर आएंगे। उनका कीर्तन एवं प्रवचन सुबह 7:30 बजे तक चलेंगे. इस दौरान 9 जून से लेकर 12 जून तक अटूट लंगर की व्यवस्था भी जारी रहेगी और संगत को लगातार भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी।



### प्रदेशभर में कुल 4425 हायर सेकेंडरी और 4850 हाईस्कूल संचालित किए जा रहे हैं

# भवन विहीन, एक या दो कमरों के सरकारी स्कूलों पर फोकस, जिलों से मांगा ब्यौरा

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मध्यप्रदेश में कुल 4425 हायर सेकेंडरी और 4850 हाईस्कूल हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए शुरू की गई मॉडल स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय सहित सांदीपनि विद्याालयों की व्यवस्था से अधिकतर सरकारी स्कूलों के भवनों में बड़ा बदलाव हुआ है। इसके साथ ही अब विभाग ने भवन विहीन, एक या दो कमरों के सरकारी स्कूलों पर फोकस बढ़ा दिया है। विभाग अब इन स्कूलों का ब्यौरा जुटा रहा है, ताकि इन्हे मॉडर्न सुविधाओं से लैस किया जा सके।**

जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा गया है कि वे संकुल प्राचार्यों के माध्यम से पूरी जानकारी तय फार्मेट में भेजें। इसमें संकुल प्राचार्य यह बताएंगे कि संबंधित विद्यालय में कितने अतिरिक्त कक्ष या प्रयोगशाला कक्ष की जरूरत है। संकुल प्राचार्यों की रिपोर्ट पर लोक शिक्षण संचालनालय इस पर फैसला करेगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने संकुल प्राचार्यों से पूछा है कि जिन विद्यालयों में स्टूडेंट्स की संख्या के हिसाब से कमरों की संख्या कम है, वहां वर्तमान में क्लास और प्रयोगशाला का संचालन कैसे किया जाता है? साथ ही विद्यालय के पास कितनी रिक्त जमीन है, इसकी भी जानकारी देने के लिए कहा गया है।

### उन्नयन के मुताबिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप नहीं

प्रदेश में स्कूलों का हायर सेकंडरी और हाईस्कूल के रूप में उन्नयन कर दिया गया है लेकिन उसके मुताबिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप नहीं किए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग का मानना है कि इसकी अनिवार्यता न होने से ऐसे हालात बने हैं। इसलिए अब वर्तमान में ऐसे सभी स्कूलों में जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कराए जाने की तैयारी है।




### अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

दरअसल, प्रदेश सरकार अब जिलों में भवन विहीन स्कूलों में भवन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर फोकस करने जा रही है जहां एक दो कमरों के अभाव में विद्यार्थियों को पढ़ाई, लाइब्रेरी और लैब की सुविधा ठीक से नहीं मिल पा रही है या फिर ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को इस सुविधा का लाभ मिल ही नहीं पा रहा है। इसके लिए सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से जानकारी मंगाई गई है। सरकार सीएम राइज (सांदीपनि) स्कूलों को पहले ही मॉडर्न सुविधाओं से लैस करने का काम कर रही है।

### कई केंद्रीय नेता देंगे मार्गदर्शन

# भाजपा के पचमढ़ी ट्रेनिंग शिविर में मंत्री-विधायकों को मिलेगी नसीहतें

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**पचमढ़ी में चार दिन बाद मप्र भाजपा के सांसद-विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसकी शुरुआत के मौके पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे शाह जनसंघ से भाजपा की विकास यात्रा के बारे में विस्तार से अपनी बात रखेंगे। पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल पार्टी के भविष्य की रणनीति और कार्यविस्तार की दृष्टि विषय पर अपनी बात रखेंगे।**

आखिरी दिन 16 जून को, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी पचमढी पहुंच रहे हैं, मगर वे भाषण नहीं देंगे बल्कि सांसदों और विधायकों के सवालों का जवाब देंगे और उनकी जिज्ञासाओं को शांत करेंगे। इसी दिन केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील सांसदों और विधायकों को वक्तृत्व कौशल, सामाजिक और मोबाइल शिष्टाचार का पाठ पढ़ाएंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में एक सत्र आरएसएस की विचारधारा पर भी होगा। इसमें हमारा विचार परिवार, पंच परिवर्तन और शताब्दी वर्ष की योजना पर स्वप्निल कुलकर्णी संबोधित करेंगे। मप्र के संदर्भ में विकसित भारत और मोदी सरकार के परिवर्तनकारी कदमों पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन होगा।




### कैंप में माननीयों को दिया जाएगा यह मंत्र

जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया और मीडिया में स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विमर्श पर सांसद-विधायक कैसे बात करें, क्या बात करें और किन मुद्दों पर खामोश रहें, इस पर एक बड़ा सत्र होगा। इसे महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश सांसद-विधायकों को समन्वय का पाठ पढ़ाएंगे। इसमें उन्हें अन्य संगठनों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और स्वयं के परिवार के साथ तालमेल बिठाने और आपसी समन्वय बनाकर काम करने की सीख दी जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के वकील रहे व केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव लोक व्यवहार और टाइम मैनेजमेंट का पाठ पढ़ाएंगे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह हमारा विचार व पंच प्रण पर बात करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा पार्टी की कार्यपद्धति से सांसद-विधायकों को अवगत कराएंगे।

### योग और प्रार्थना दिन की शुरुआत

सभी सांसद-विधायकों को भेजे गए कार्यक्रम के मुताबिक, रोजाना सुबह 6 बजे सभी को अनिवार्य रूप से उठना होगा। एक घंटा तैयार होने के लिए मिलेगा। इसके बाद सुबह 7 बजे से 7-45 बजे तक योग, प्राणायाम और प्रार्थना होगी। हर दिन चार सत्र होंगे। सभी सांसद-विधायकों को 13 जून की रात को ही पचमढ़ी पहुंचने को कहा गया है।

### कई सियासी निहितार्थ भी

माना जाता है कि भाजपा का एससी-एसटी प्रभाव वाली विधानसभा और लोकसभा सीटों पर भी विशेष ध्यान हैं लिहाजा इन सीटों के समीकरणों पर तीन समानांतर सत्र होंगे। इस सत्र को प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह संबोधित करेंगे। निर्वाचन क्षेत्र प्रबंधन, नवाचार और आगामी चुनौतियों को लेकर मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता, डिप्टी सी.एम. राजेंद्र शुक्ल और केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक तीन अलग-अलग समूहों में बात रखेंगे।

### तत्काल खोजा जा सकेगा फाल्ट, बहाल होगी बिजली

# दूरस्थ व दुर्गम इलाकों की बिजली लाइनों के डिजिटल नक्शे किए जा रहे हैं तैयार

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

अब यदि सब कुछ बिजली महकमे की योजनानुसार हुआ तो जंगलों, पहाड़ों और नदियों पर बिछी करीब अट्ठाईस हजार किमी लंबी बिजली ट्रांसमिशन लाइन और 416 एक्स्ट्रा हाइटेंशन सब स्टेशन अब डिजिटल नक्शे पर उपलब्ध होंगे। इसका फयदा यह होगा कि इन लाइनों या सब-स्टेशन में आंधी बारिश या गर्मी में कहीं भी ट्रिपिंग या फॉल्ट हुआ तो तुरंत कंट्रोल हो जाएगा। इससे एक अन्य फायदा यह होगा कि एक साथ कई शहरों और कस्बों में बिजली गुल होने की समस्या नहीं रहेगी। इसके लिये मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेशभर में इन ट्रांसमिशन लाइनों और सब स्टेशनों की एसेट मैपिंग में जुटी है। इस काम से सभी ट्रांसमिशन तत्वों का डिजिटल रिकॉर्ड एक क्लिक में मिल सकेगा। इससे सामग्री प्रबंधन में समय बचेगा। आपात स्थिति में व्यवधान कम होंगे।

इस बार में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का कहना है कि यह काम कोलकाता की कंपनी साइबर स्विफ्ट कर रही है। यह कंपनी सॉफ्टवेयर और डैशबोर्ड भी बना रही है। डेटा को अलग-अलग मॉड्यूल में रखा जा रहा है। यह जानकारी मोबाइल ऐप के जरिए लाइन मेंटेनेंस स्टाफ और उपकेंद्र प्रभारियों को मिलेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 15 करोड़ है। पहले चरण में साइबर स्विफ्ट द्वारा ट्रांसमिशन लाइनों और उपकेंद्रों की मैपिंग की जा रही है। कंपनी सर्वेक्षण और सॉफ्टवेयर विकास की जिम्मेदारी भी निभा रही है।



### सर्वे ऑफ इंडिया के नक्शों के आधार पर हो रही मैपिंग

बताया जाता है कि यह मैपिंग सर्वे ऑफ इंडिया के नक्शों के आधार पर हो रही है। इससे डेटा की सटीकता और प्रामाणिकता बनी रहेगी। इसमें डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम तकनीक का उपयोग हो रहा है। इससे 1 सेंटीमीटर से 1 मीटर तक की सटीकता है। ट्रांसमिशन टावर की स्थिति की पूरी जानकारी आपात स्थिति में तुरंत मिल सकेगी। सभी ट्रांसमिशन तत्वों का डिजिटलीकरण रिकॉर्ड को व्यवस्थित बनाएगा। ट्रांसमिशन कंपनी की स्वामित्व वाली भूमि का रिकॉर्ड भी इसमें शामिल होगा।

## 10 जून को आएगी संस्कृत विवि की मेरिट सूची

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए सीयूईटी के तहत पंजीयन हो चुके है।आगामी 10 जून को इसकी मेरिट सूची जारी होगी।विद्यार्थी 11 से 20 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। विवि ने इस साल 50 प्रतिशत सीटों पर सीयूईटी एवं 50 प्रतिशत सीटों पर नॉन सीयूईटी यानी खुद के एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर प्रवेश दिया है। नॉन-सीयूईटी के तहत प्रवेश के लिए परीक्षा आठ जून को आयोजित की जाएगी और परीक्षा का परिणाम 13 जून को घोषित किया जाएगा। सफल विद्यार्थी 16 से 23 जून के बीच फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे।

## अब नाराज हुए क्रेशर संचालक

**भोपाल।** अब मप्र के करीब दो हजार स्टोन क्रेशर संचालक नाराज है और दो-तीन दिन के भीतर ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं,इसके संकेत भी वे दे रहे हैं। इससे गिट्टी की सप्लाई प्रभावित होगी। एसोसिएशन अध्यक्ष डीएस चावला ने कहा है कि नई खदानों की सैटेलाइट मैपिंग में सही आंकड़े नहीं आ रहे। पहले मिले क्षेत्र को आधार मानकर निगरानी होना चाहिये। जबकि राजस्व और सैटेलाइट सीमांकन में फर्क पर अवैध खनन मान लिया जाता है। उन्होंने संयुक्त सर्वे, माइनिंग प्लान में रॉयल्टी बढ़ाने की सरल प्रक्रिया और स्टाम्प ड्यूटी का आकलन वर्तमान मूल्य पर करने की मांग की। ठेकेदार सरकारी निकायों से रॉयल्टी लेते हैं, जिससे खदान मालिकों को नुकसान होता है। महासचिव आलोक गोस्वामी ने कहा कि प्रदेशव्यापी हड़ताल से सरकार को रोज 3 करोड़ का नुकसान होगा।

### 50 हजार बच्चों को उपलब्ध हो रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

## प्रदेश में 145 मॉडल स्कूलों में से 143 को मिले स्वयं के भवन

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

स्कूल शिक्षा विभाग वर्तमान में 145 शासकीय मॉडल स्कूल का संचालन कर रहा है। इनमें से 143 मॉडल स्कूल के स्वयं के भवन निर्मित हो चुके हैं। इन मॉडल स्कूल में करीब 50 हजार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है। मॉडल स्कूल शैक्षणिक रूप से प्रदेश के पिछड़े विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में शिक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश के 43 जिला मुख्यालय एवं 96 विकासखंड मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में बच्चों के कॅरियर काउंसलिंग की भी व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था से बच्चों को भविष्य में किस क्षेत्र में अध्ययन करना है, उसकी समझाइश विशेषज्ञों के माध्यम से मिलती है।



## 25 से शुरू होगी यूजीसी नेट-2025 परीक्षा

**भोपाल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जून में होने वाले यूजीसी नेट 2025 एग्जाम का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिसके अनुसार 25 जून से 29 जून के बीच कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट यानी सीबीटी मोड में यह परीक्षा होगा। पेपर से 10 दिन पहले कैंडिडेट्स के लिए सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी की जाएगी। एग्जाम दो शिफ्टों में होगा। पहली शिफ्ट सुबह 9 से दोपहर के 12 बजे तक होगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर के 3 बजे से शाम के 6 बजे तक चलेगी। पेपर में मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन्स के दो पेपर होंगे। पहला पेपर 100 और दूसरा पेपर 200 मार्क्स का होगा। लैंग्वेज के पेपर के अलावा सभी पेपरों में इंग्लिश और हिंदी मीडियम ऑफ इंस्ट्रक्शन होगा। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




**मेट्रो एंकर**

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने मामले में जांच कराकर तलब की रिपोर्ट?

# प्राचार्य-लेक्चरर को हटाया, पेंशन रुकी, पीएस करेंगे जांच

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है।पहला मामला राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर के 68 पॉलीटेक्निक कॉलेजों के प्राचार्य एवं लेक्चरर को सेवा समाप्त होने के बाद इन्हें पेंशन, ग्रेच्युटी सहित अन्य लाभ नहीं मिलने का है।**

मामले में आयोग ने तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही रिपोर्ट भी तलब की है।आयोग के संज्ञान में आया है कि सन् 1997 में इन कॉलेजों को सरकारी से ऑटोनॉमस किये जाने के कारण वहां के प्राचार्य एवं लेक्चरर को इन सभी का लाभ नहीं मिल सकता है। इस कारण कॉलेजों के प्राचार्य एवं लेक्चरर को आर्थिक नुकसान एवं परेशानी का सामना करना पड़ता है। पॉलीटेक्निक कॉलेजों के प्राचार्य एवं लेक्चररों को रिटायरमेंट आदेश दिये बिना ही उन्हें हटाया जा रहा है और पेंशन भी नहीं बन रही है। इस कारण जीवन यापन करने में कई तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।




### खदान में भरे पानी में डूबने से दो की मौत?:

भोपाल शहर के सूखीसेवनियां में लापता हुये ममेरे-फुफेरे भाइयों के शव खदान में भरे पानी में मिलने की घटना सामने आई है। दो दिन पहले अपनी मां के साथ बुआ के घर आये मासूम और बुआ के बेटे दोनों घर से हैंडपंप पानी लेने के लिए निकले थे। इसके बाद बीते सोमवार को दोनों का घर के पास ही पानी से भरी खदान में शव बरामद हुआ। मामले में आयोग ने पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए है। ?

### कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंस में सभी कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# सरकारी भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन प्राथमिकता से किया जाए : कमिश्नर

- आईटीआई की सभी सीटे प्राथमिकता से भरी जाएं
- अनुसूचित जाति व जनजाति के प्रकरणों में राहत राशि देने में अनावश्यक विलंब न किया जाए
- अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी कार्रवाई की जाए



**नर्मदापुरम. , दोपहर मेट्रो**

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में नर्मदापुरम संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह सरकारी अस्पताल, स्कूल एवं अन्य शासकीय भवनों के लिए यदि भूमि की आवश्यकता है तो भूमि आवंटन प्राथमिकता से करें। कमिश्नर ने कहा कि सरकार के विकास कार्यों के लिए भूमि देने में देरी न हो और भूमि आवंटन के प्रकरण पेंडिंग ना रहे और भूमि आवंटन प्राथमिकता से किया जाए ताकि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे किए जा सके। कमिश्नर ने निर्देश दिए की हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले में स्थित आईटीआई महा विद्यालयो में सभी सीटे प्राथमिकता से भरी जाए। महिला सीट किसी भी स्थिति में रिक्त ना रहे। कमिश्नर ने कहा कि आईटीआई की दशा को सुधारने के लिए शासन विशेष तौर पर प्रयास कर रही है। अब आईटीआई में ट्रेनिंग लेने वाले विद्यार्थियों को कंपनियां नौकरी प्राथमिकता से देंगी। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों में पीड़ितों को राहत राशि देने में प्राथमिकता से कार्य करें। राहत राशि देने में किसी भी स्थिति में अनावश्यक रूप से विलंब न किया जाए। इसके साथ ही कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी जिले अवैध खनिज उत्खनन भंडारण एवं परिवहन के प्रकरण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे कार्य संलग्न वाहनों को राजसात करें और संबंधित पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। कमिश्नर ने कहा कि वर्तमान में की जा रही कार्रवाई की गति को और बढ़ाया जाए।कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की सभी जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों के संचालक एवं प्राचार्य से इस आशय का लिखित में प्रमाण पत्र ले कि उनके स्कूल में कितनी बसें संचालित की जा रही है और कितनी बसो की फिटनेस की जांच की जा चुकी है। साथ ही स्कूल बसों के ड्राइवरों के लाइसेंस की जांच के संबंध में भी प्राचार्य एवं संचालकों से जानकारी ली जाए। कमिश्नर ने कहा कि स्कूलों में कितनी बसें संचालित हो रही है एवं कितने ड्राइवर कार्यरत हैं इसकी जानकारी मिल जाएगी और इसी आधार पर जिला परिवहन अधिकारी सभी स्कूल बसों की चेकिंग करेंगे एवं ड्राइवर के लाइसेंस की भी जांच करेंगे।

कमिश्नर ने निर्देश दिए की एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बृहद स्तर पर पौधारोपण के कार्य किए जाने हैं। इस बार वन विभाग एवं अन्य विभाग द्वारा लगाए गए पौधों की काउंटिंग नहीं की जाएगी। अतः सभी नागरिकों, स्कूली बच्चों, कॉलेज के विद्यार्थियों, आम जनता को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया जाए क्योंकि इनके द्वारा किए गए पौधारोपण की ही काउंटिंग की जाएगी। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि रोपित पौधे के साथ सभी अपनी फोटो वायु दूत एप में भी अनिवार्य रूप से अपलोड करें।

कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा इस हेतु सभी जिले अपने-अपने स्तर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने वर्षा से पूर्व की तैयारी की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि नगर पालिका सभी नालो और नालियों की साफ सफाई अभी से करना सुनिश्चित करें। बाढ़ ग्रसित क्षेत्र पर विशेष निगरानी जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर कर्मचारियों के हितों के लिए गठित जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक इसी सप्ताह आयोजित कर लें।

कमिश्नर श्री तिवारी ने अनुभाग स्तर पर, तहसील स्तर पर एवं विकासखंड स्तर पर ई ऑफिस सिस्टम के अंतर्गत ही सभी शासकीय कार्य करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि अनुभाग, तहसील एवं विकासखंड स्तर पर भी सभी फाइलें ई ऑफिस सिस्टम के अंतर्गत ली जाए। संबंधित अधिकारी ऑफलाइन फाइल ना लें। बताया गया कि अधिकांश एसडीएम एवं तहसीलदार के मेल आईडी बनाए जा चुके हैं और इसी सप्ताह से अनुभाग, तहसील स्तर एवं विकासखंड स्तर पर ई ऑफिस सिस्टम के तहत कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी कंप्लीट हो चुके राजस्व के पुराने रिकॉर्ड जिला अभिलेखागार में जमा कराए जाए। उन्होंने कहा कि रीडर एवं पीओ आईडी पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी निराकृत प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर अपलोड किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि एसडीएम के रीडर के पास अनावश्यक रूप से भू अर्जन के प्रकरण लंबित न रहे। जिन भू अर्जन के प्रकरणो में भुगतान किया जा चुका है तो ऐसे प्रकरणों का रिकॉर्ड अभिलेखागार में जमा कराया जाए।

नजूल नवीनीकरण की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए की लीज नवीनीकरण के ऐसे प्रकरण 31 मार्च 2025 को एक्सपायर हो चुके हैं, ऐसे लीज के प्रकरणों का पुनः नवीनीकरण किया जाए। संबंधित व्यक्ति से आवेदन लेकर लीज नवीनीकरण के प्रकरण प्राथमिकता से किए जाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को भी जागरूक किया जाए कि वह अपने लीज का नवीनीकरण अनिवार्य रूप से कराए। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए की प्राचीन कुएं, बावड़ी एवं जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने के लिए और अधिक मेहनत से कार्य किए जाएं और सभी जिले अपना प्रदर्शन सुधारे।

## नेत्र शिविर में 108 मरीजों की जांच कर दिए चश्मे और दवाई



**गंजबासौदा।** सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित विजन सेंटर पर नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ राजकरण वर्मा ने 108 मरीजों के नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें कैंप इंचार्ज जादौन ने 49 लोगो को निशुल्क दवाईयां प्रदान की गईं। बीपी और शुगर लेवल की जांच पिंकू जादौन ने की अभिषेक जादौन ने 25 लोगो के चश्मे के नंबर निकाले जिसमें 19 लोगो को चश्मे प्रदान किए गए। 15 मरीज मोतिया बिंद के चिन्हित किए गए। उक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी उन्होंने बताया कि इस शिविर को विश्व नेत्र दान दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से समाज सेवी भगवान दास साहू, गणेश राम रघुवंशी, डॉ एके जैन के आतिथ्य में लगाया गया। शिविर में सभी डाक्टरों की टीम का स्वागत पुष्प हार पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संचालन विजय अरोरा, दीपक तिवारी ने किया।

## सहकारी प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा भंडारण की वैज्ञानिक पद्धति पर एक दिवसीय कार्यक्रम



**नर्मदापुरम।** सहकारी प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा WDRA नई दिल्ली के सहयोग से भंडारण की वैज्ञानिक पद्धति पर मंगलवार 10 जून 2025 को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, आई.टी.आई रोड शाखा नर्मदापुरम में किसानों, व्यापारियों, प्रसंस्करण इकाइयों एवं गोदाम संचालकों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ अजय शर्मा उपनिर्देशक सहकारी प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा प्रतिभागियों को सहकारिता के माध्यम से कृषकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। श्री वासुदेव दवण्डे जिला प्रबंधक द्वारा गोदामों में स्कंध के भंडारण एवं रखरखाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। WDRA नई दिल्ली से जसवीर गोदारा द्वारा WDRA पंजीकृत गोदाम संचालकों को द्वह।।क्रजारी करने के संबंध में ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया गया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती राशि साहू और जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले के विभिन्न JVS योजना में अनुबंधित निजी गोदाम संचालक, किसान, समिति एवं राईस मिलर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दो घरो का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमाक 7 में रविवार एवं सोमवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरो के द्वारा ताला तोड़कर चोरी करने के प्रयास किए लेकिन चोरो को बिना चोरी करे ही भागने के लिए मजबूर हो गए। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमाक 7 जैन मंदिर की सामने बाली गली में उषा पांडे पति केपी पांडे के घर का अज्ञात चोरो के ताला तोड़ दिया गया। लेकिन घर में कुछ सामान नही होने के कारण चोर वहां से भांग निकले। इसके अलावा इसी रात में मौहल्ले में रहने बाली संध्या ठाकुर के मकान का ताला तोड़ दिया गया। जिस दरवाजे का ताला तोड़ा गया वह दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण चोरो को भागना पड़ा। जिसकी लिखित शिकायत तेंदूखेड़ा थाने में की गई है।

## कांग्रेस के युवा नेता दीक्षित को श्रद्धांजलि देने आज उपस्थित होगा जन समूह

**नर्मदापुरम।** कांग्रेस के युवा नेता मिलनसार परोपकारी तथा युवाओं के प्रेरणा स्रोत अक्षय दीक्षित आज ही के दिन 2 वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में काल कवलित हो गए. इस दुर्घटना का शौक आज भी नर्मदापुरम की जनता के



मानस पटल पर घूम रहा है. नर्मदापुरम जिले के नागरिकों के दिलों पर सेवा कार्य के जरिए राज करने वाले अक्षय दीक्षित उन युवाओं में से एक थे जो समृद्ध और सशक्त भारत की कल्पना को साकार करने के लिए नित्य निरंतर संघर्षरत रहा करते थे. राजनीति के क्षेत्र में इस हृदय स्पर्शी युवा ने कम उम्र में जो स्थान बनाया वैसा मुकाम तय करने में लोगों को संपूर्ण जीवन भर संघर्ष करने के बावजूद भी कामयाबी मुश्किल से मिल पाती है. पिपरिया-नर्मदापुरम रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में आज संध्या 5:30 बजे अक्षय दीक्षित को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए नर्मदापुरम सहित अन्य क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों की विशेष उपस्थिति रहेगी।

## डिलेवरी के 11 दिन बाद हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाते समय महिला मौत

**तेंदूखेड़ा/दमोह!** तारादेही थानातंर्गत 20 वर्षीय महिला सोमवती पति दिनेश गौड़ की डिलेवरी होने के 11 दिन बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चे के जन्म होने के बाद महिला के स्वास्थ्य के उपर ध्यान नहीं दिया गया। साथ ही एचबी की भी कमी बताई जा रही थी। लेकिन लापरवाही एवं बंगली डाक्टर के चक्कर में पडने के बाद महिला की मौत हो गई ज्ञात हो कि 27 मई को सोमवती की तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में डिलेवरी हुई थी अस्पताल से छुट्टी होने के बाद लगभग एक सप्ताह से बीमार थी परिजनों ने सर्रा उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर नर्स एवं डांक्टर ने सोमवती की हालत को देखकर मेडीकल जबलपुर या खेराती अस्पताल दमोह ले जाने की सलाह दी। लेकिन परिजनों ने सर्रा में डांक्टर बंगाली से इलाज कराया और अचानक हालत बिगडे से महिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई।



## मछली मारते समय फिट आने से युवक की पानी में डूबने से मौत



**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

बल्लू उर्फ कंछेदी पिता गोपाल केंवट 35 निवासी ग्राम अमवाही थाना तेंदूखेड़ा की नगर वार्ड क्रमाक 9 के भटरियां मौहल्ला के आगे नंक्की घाट नदीं में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बल्लू सोमवार को नदी में मछली मारने के लिए गया था। साथ ही बल्लू को फिट आने की बीमारी थी और नदी के किनारे मंछली मारते समय फिटआने के कारण बल्लू झाडियो के निकारी गिरकर पानी में डूब गया था। आने जाने बाले लोगो ने व्यक्ति को नदीं में डूबे होने की सूचना पुलिस को दी गई। मंगलवार की सुबह पुलिस ने बल्लू के शव नदी से निकाल कर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम करया गया। पुलिस प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्लू कुछ दिनो से अमवाही ग्राम को छोडकर भटरियां में रहने लगा था। साथ वह मछली मारने गया था। फिट आने के कारण नदीं में डूब गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जॉच कर रही है।

### अपर कलेक्टर डीके सिंह ने किया आवेदनकर्ताओं की समस्या का समाधान

## जनसुनवाई में 89 आवेदनों का हुआ समाधान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 89 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर डीके सिंह ने आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न ग्रामों और क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का निवारण किया गया।



ग्राम नानपा तहसील डोलरिया के निवासी दुर्गा प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित अपनी समस्या प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अपर कलेक्टर ने इस पर सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि शीघ्र समस्या का समाधान किया जाए। सीईओ ने जानकारी दी कि पूर्व में इंदिरा आवास योजना का लाभ प्राप्त होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त होना संभव नहीं है।

इसी क्रम में, ग्राम मेहरागांव तहसील इटारसी के उदय राम नामदेव ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने की शिकायत की। अपर कलेक्टर ने इस पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम ने बताया कि आवेदनकर्ता के आधार कार्ड पर नगर परिषद पिपरिया का पता दर्ज होने के कारण पोर्टल से ऑर्डर शीट जनरेट नहीं हो रही थी। आधार अपडेट होने पर समस्या का समाधान हो जाएगा। एक अन्य आवेदन जिसमें सिंधी कॉलोनी तहसील इटारसी के चेतूमल बुधवानी द्वारा नजूल पट्टे के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। अपर कलेक्टर ने नजूल अधिकारी को शीघ्र दस्तावेजों की जांच कर नवीनीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने ग्वालटोली निवासी तुलसीराम थापक के खेत में शासकीय गोहे पर अतिक्रमण के संबंध में आवेदन की सुनवाई की। नायब तहसीलदार नर्मदापुरम नगर को मौके पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतरिक्त, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त अन्य आवेदनों का भी अपर कलेक्टर ने समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अनुविभाग स्तर पर भी जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। मंगलवार को तहसील सिवनीमालवा अंतर्गत वन ग्राम ढेकना में जनसुनवाई का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 06 आवेदनों का तत्काल समाधान किया गया। इसी प्रकार तहसील इटारसी अंतर्गत केसला में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें 6 आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया।

## आदित्य मोदी को सामुदायिक केंद्र का बनाया गया विधायक प्रतिनिधि



**तेंदूखेड़ा।** जवेरा विधायक व राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आदित्य मोदी पिता मनीष मोदी को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विधायक की गैर मोजूदगी में सामुदायिक केंद्र में आयोजित होने बाली समस्त बैठको एवं अन्य कार्यक्रमो में विधायक का प्रतिनिधित्व करेगें। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, मूरत सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, गोविन्द यादव, रश्मि साहू, विवेक जैन, डीके सोनी, सतेन्द्र जैन सहित सेकेड़ो कार्यकर्ताओ ने बधाईयां दी।

**मेट्रो एंकर** जानलेवा मनमानी : नगर में मालवाहकों ट्रैक्टर ट्राली सहित वाहनों में लापरवाही पूर्वक ढोई जा रही लोहे की सरिया कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

# नगर की सड़कों से गुजर रहे हैं तो जरा सावधानी बरतें क्योंकि हो सकता है हादसा

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

शासन द्वारा बनाए गए नियमों को लगेज वाहन चालकों द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है। नगर में मिनी ट्रकों, पिकअप वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रालियों में लोहे की सरियों को ओवर लोड भरकर लापरवाही पूर्वक ढोया जा रहा है इससे जहां नियमों की अवहेलना हो रही है तो वहीं पीछे चलने वाले अन्य वाहन चालकों के साथ हादसा होने का अंदेशा बना रहता है गौर करने वाली बात ये हैं कि नियमों को धता बताने वाले ऐसे वाहन चालकों पर सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई कर जुर्माना करने के आदेश दिए गए है, लेकिन आरटीओ विभाग और पुलिस विभाग उन पर मेहरबान बना हुआ है। यही वजह है कि तेंदूखेड़ा नगर के व्यस्तम मार्गों पर ये वाहन लोहे की सरिया लादकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। नियम है कि सरिया में लाल कपड़े का निशान लगाया जाए, ताकि पीछे चल रहे वाहन चालक को दिखाई दे और वह सतर्क रहे, लेकिन इसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। मामले में कुछ वाहन चालकों से बात की तो उनका कहना है कि हम लोगों का कोई फायदा नहीं है, इसमें वाहन मालिकों को लाभ होता है। यदि सरिया ज्यादा लंबा है तो वाहन भी उतना बड़ा होगा तो भाड़ा ज्यादा लगेगा। जिसके चलते वाहन मालिकों द्वारा आदेशों की अनदेखी कर आमजन की जिंदगी से खिलवाड़



किया जा रहा है। हम तो नौकर है, जो वाहन मालिक आदेश करेगा, उसका पालन किया जाएगा। तेंदूखेड़ा नगर में आए दिन छोटे-छोटे हादसे होते रहते हैं गनीमत ये है कि कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ है।

वाहनों में ओवरलोड सरिया भरकर लापरवाही ढोई जा रही है इसके अलावा ये सरिया वाहन से कई फीट आगे तक निकली रहती है। कुछ वाहनों में रखी सरिया तो रोड पर से घिसटती हुई जाती है। ये अधिकतर व्यवस्त मार्गों से गुजरते हैं। जिनके पीछे से अन्य वाहन चालक भी रफ्तार में वाहन चलाते हुए आते हैं। यदि ऐसे में सरिया लेकर जा रहे वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा कर अपना वाहन खड़ा कर दें तो पीछे चल रहे वाहन चालक के साथ हादसा घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। नगर में ऐसे नजारे हर दिन देखे जा सकते हैं। गौर करने वाली बात ये है कि रात में वाहनों की रफ्तार तेज होती है। जिससे पीछे चल रहे वाहन चालकों को कुछ दिखाई नहीं देता है। इन वाहनों के पीछे की न तो लाइट जलती है और न ही सचेत करने के लिए लाल कपड़ा बांधा जाता है। स्थानीय जागरूक लोगों का कहना है कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के मालिकों पर उचित कार्रवाई नहीं होना कहीं न कहीं पुलिस और आरटीओ विभाग की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। शायद ही, कभी ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की गई हो। जिम्मेदारों की मेहरबानी से खुलेआम नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और संबंधित विभाग मूक दर्शक बनकर देख रहे हैं। उधर नगर के समाज सेवी, नेता भी उदासीन बने हुए है। जब इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करना चाही तो नहीं हो पाई।

वहीं नगर के मुख्य मार्गों पर सीमेंट तथा लोहे की दुकानें संचालित हो रही है इन दुकानों के बाहर दिनभर ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप वाहन हाथ ठेले खड़े रहते हैं जिनसे सरियों का परिवहन कराया जाता है ठेलों पर सरिया पूरी तरह नहीं आती है और आगे की और 15 तो पीछे की और भी लगभग 15 फीट तक बाहर निकली होती है सड़कों से गुजरते समय हाथ ठेला पर लदे सरिया ट्रैफिक को तो प्रभावित करते ही हैं साथ ही हादसों को भी आमंत्रण देते हैं साथ ही इन दुकानों के सामने लोहे की सरिया सीमेंट आदि सामग्री लोड़ होने के कारण आए दिन जाम जैसे हालात बनते हैं साथ ही अन्य मार्गों की सड़कों पर भी जाम लग जाता है लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ना ही इन पर ध्यान दिया जा रहा है जिसके चलते दुकानदारों के भी हौसले बुलंद हैं और मेन सड़क पर खड़े होकर लोहे की सरिया सीमेंट आदि सामग्रियों को वाहनों पर लोड अनलोड करा रहे र

प्रशासन मेहरबान

# अवैध मैरिज गार्डनों में पार्किंग व्यवस्था नहीं जाम से जनता परेशान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



नगर तारो तरफ अवैध रूप मैरिज गार्डन संचालित हो रहा है ।इनकी जानकारी होने के बाद भी प्रशासन के जिम्मेदारियां अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है। इस वजह से इन पर कोई बंदिश नहीं लग पा रही अपनी मनमर्जी से यहां संचालित हो रहे हैं।

शहर में संचारित होने वाले अधिकांश गार्डन के पास वाहन पर्किंस की व्यवस्था नहीं होने से आम जनता को जरूर अयोध्या में आने वाले लोग सड़क के दोनों तरफ वाहनों को खड़ा कर देते हैं इस वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है। शहर के मुख्य मार्गों पर संचालित होने वाले मैरिज गार्डन और भी ज्यादा समस्या उत्पन्न होती है जिस दिन यहां पर शादी होती उस दिन रात्रि में इन मार्गों से निकलना मुश्किल होता है। घंटो जाम के कारण वाहन चलाने की जगह पर रेंगते हुए नजर आते हैं ।सबसे बड़ी समस्याएं होती की जाम सब फंस जाते है एंबुलेंस गाड़ी भी नहीं निकाल पाती है इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदारी अधिकारी इस ध्यान नहीं दे रहे हैं ।विगत में पहले कुछ गार्डन को सील करने की करवाई करके खाना पूर्ति कड़ी थी अगले दिन ही इनमें आयोजन संपन्न हो रहे थे। इस वजह से इनकी मनमानी से आम जनता परेशानी रही नगर पालिका प्रशासन से लेकर एसडीएम के द्वारा भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। समय रहते धरातल पर कदम नहीं उठाए गए तो किसी दिन गार्डन दुर्घटना भी घटित हो सकती है शायद उसके बाद ही जिम्मेदारी कार्रवाई करने के लिए धरातल पर कदम उठाएंगे। पिछले दिनो एक शादी में लिंक रोड पर जाम 2 घंटे तक लग रहा था इस वजह से एंबुलेंस भी नहीं निकाल पाई थी ऐसी तस्वीर आए आए दिन सामने आती है।

### जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त हुए 255 आवेदन

# 89 आवेदन मौके पर ही निपटाए, शेष के समय सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मंगलवार दस जून को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 255 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है।

जनसुनवाई कक्ष में मौके पर 89 आवेदनो का निराकरण किया गया है शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए है।

कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यो का भी संपादन किया जा रहा है।

आज मंगलवार को आधार सेन्टर में 25 आयुष्मान कार्डो के संदर्भ में स्टॉल के माध्यम से कार्य संपादित किया गया है जिसमें मुख्यतः नाम परिवर्तन, नाम, पता परिवर्तन तथा नवीन आयुष्मान कार्ड जारी करने के कार्य किए गए है। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत चिकित्सको के द्वारा 33 नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण



किया गया है।

कलेक्टर कार्यालय विदिशा में आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार, संयुक्त कलेक्टर द्वय सुश्री निकिता तिवारी, श्रीमती शशि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया, अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के द्वारा आवेदनो का निराकरण किया गया है।

## कलेक्टर ने बुजुर्ग को वृद्ध आश्रम आसरा में भर्ती कराया

कलेक्टर ने कुरवाई तहसील के सरकण्डी निवासी बुजुर्ग भैयालाल की व्यथा सुनते हुए वृद्धाश्रम में भर्ती कराने की व्यवस्था करवाई। जिला प्रशासन के प्रयासों से अब वृद्ध आवेदक भैयालाल बिना किसी परेशानी के वृद्धाश्रम में रह सकेंगे। कुरवाई तहसील के सरकण्डी गांव निवासी बुजुर्ग भैया लाल पुत्र पारिवारिक समस्याओं के चलते जनसुनवाई में पहुंचे थे और उन्होंने अवगत कराया था कि उन्हें कहीं रहने का आसरा मिल जाए और इसी समस्या को ध्यानगत रखते हुए जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ के द्वारा विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की मदद से वृद्ध आवेदक श्री भैयालाल को वृद्धाश्रम में पहुंचाने की व्यवस्था की गई। बुजुर्ग आवेदक भैया लाल खुशी-खुशी जिला प्रशासन के द्वारा वृद्ध आश्रम में भर्ती होने को पहुंच गए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से त्वरित निराकरण के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया है।



## कलेक्टर ने मौके पर ही 8 साल के दिव्यांग बच्चे का आधार कार्ड बनवाकर पेंशन शुरू करवाई

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर आज जनसुनवाई में अपने 8 साल के दिव्यांग बच्चे अलीम खान की दिव्यांग पेंशन शुरू कराई गई है। मानसिक रूप से कमजोर जनपद पंचायत बासौदा के ग्राम अमारी के दिव्यांग बच्चे अलीम खान को उनके परिजनों ने मंगलवार को जनसुनवाई पहुंचकर यहां दिव्यांग पेंशन शुरू कराने से अवगत कराया था। मौके पर ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया और दिव्यांग पेंशन शुरू कराने की कार्यवाही पूर्ण कराई। अब दिव्यांग बच्चे अलीम खान को प्रतिमाह 1200 रुपये की दिव्यांग पेंशन मिलने लगेगी।

दिव्यांग बच्चे अलीम खान का दिव्यांग प्रमाण पत्र बना हुआ था परंतु स्वावलंबन पोर्टल पर आधार कार्ड अनिवार्य है इसके



लिए आधार कार्ड बनवाए जाने की कार्रवाई भी जनसुनवाई के दौरान पूरी की गई है। गौरतलब हो की जनसुनवाई में पहुंचने वाले अभी तकों की सहूलियत के लिए यहां आधार केंद्र भी यहां स्थापित किया गया है। इस आधार केन्द्र पर बच्चे का मौके पर ही आधार कार्ड बनवाया जाकर दिव्यांग पेंशन शुरू करने की पूरी प्रक्रिया की गई। इस दौरान बताया गया कि दिव्यांग बच्चे अलीम खान का आधार कार्ड बनाए जाने में काफी परेशानियां हो रही थी। 30 से अधिक बार आधार कार्ड बनवाने की कोशिश की गई लेकिन आधार कार्ड नहीं बनाया जा सका था। बच्चों की दिव्यांगता के कारण अलीम खान के फिंगरप्रिंट एवं आंखों की स्कैनिंग नहीं हो पा रही थी। परंतु जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग पंकज जैन के अथक प्रयासों से आज आधार कार्ड बनवाया गया और बच्चे की दिव्यांग पेंशन शुरू कराई गई है। जनसुनवाई में समस्या का मौके पर हुए निराकरण के लिए दिव्यांग बच्चे के परिजनों ने खुशी जाहिर की है।

# सब्सिडी पर प्राप्त करें उन्नत कृषि यंत्र

■ विगत बारह दिन में 108 ग्रामों में आयोजित हुए शिविर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



विदिशा जिले में जारी 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत अब तक जिले के 108 ग्रामों में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविरों में कृषि वैज्ञानिक प्रति दिन जिले के अलग-अलग 9 गांवों में पहुंचकर स्थानीय कृषकों से चर्चा कर रहे है एवं स्थानीय खेती की आवश्यकताओं को समझकर क्या-क्या नये अनुसंधानों की आवश्यकता है को जान रहे हैं। सोमवार 09 जून को विकासखंड लटेरी के ग्राम मुरवास, ललचिया एवं बामन खेडी में शिविर का आयोजन किया गया।

उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. नरेन्द्र शुक्ला ने उपस्थित कृषकों से कृषि में गौवंश के महत्व की चर्चा की एवं बताया की गाय मनुष्य की पोषण श्रंखला में कोई दखल नहीं देती है बल्कि मनुष्य के मुख्य उत्पाद के उपयोग करने के बाद बचे हुये सह-उत्पादों पर निर्भर रहती है और मनुष्य के पोषण में सबसे महत्वपूर्ण दूध प्रदान करती है। साथ ही उसके गोबर एव मूत्र से कई प्रकार की खादों का निर्माण किया जा सकता है जो कि भूमि की उर्वरा शक्ति बढाने का काम करती है। अतरू कृषि के साथ-साथ पशुपालन किया जाना उन्नत खेती के लिये कई प्रकार से लाभदायक है।

## 30 जून तक फार्मा रजिस्ट्री नहीं करने वाले, किसानों की पीएम सीएम निधि बंद हो सकती है

**सिरोंज।** शासन के द्वारा कृषकों के लिए फार्म रजिस्ट्री अनिवार्य की जा रही है। 30 जून तक बनवाने का समय दिया गया इस अवधि के बाद जिनके पास फार्म रजिस्ट्री नहीं होगी उन किसानों को शासन से मिलने वाली पीएम , सीएम सम्मान निधि मिलने में परेशानी हो सकती है या आना बंद भी हो सकती है ऐसी संभावना जताई जा रही है। इसलिए किसानों को इस काम को तत्काल करवा लेना चाहिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि फॉर्म रजिस्ट्री सभी दस्तावेजों के रूप में काम आएगी इसलिए 30 जून तक जिन किसानों की फार्म रजिस्ट्री नहीं होगी उनके लिए शासन से मिलने वाली पीएम सीएम सम्मान निधि आना भी बंद हो सकती है उससे बचने के लिए इस काम को सभी कृषक बंधु आवश्यक रूप से करवा ले।

## सर्पदंश से दो लोगों की मौत

**तेंदूखेड़ा!** ब्लॉक के तेन्दूखेड़ा और तेजगढ़ थाना क्षेत्रों के अंतर्गत दो ग्रामों में सर्पदंश से दो लोगों की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है पहला मामला ग्राम बिसनाखेडी से सामने आया है जहां पर धनश्याम पिता हरिश्चंद यादव उर्म करीब 30बर्ष अपने खेत में खाद डालते समय सांप ने डस लिया जहां परिजन युवक को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया गया पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया दूसरा मामला तेजगढ़ थाना क्षेत्र गाड़ाघाट से सामने आया है जहां बीती रात पार्वती पति दुर्जन सिंह लोधी उम्र 38 वर्ष को रात में घर पर ही सांप ने डंस लिया परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉ द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस द्वारा सुबह पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया दोनों मामलों में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

# स्वस्थ यकृत मिशन अभियान का क्रियान्वयन जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**




विदिशा स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और सिविल सर्जन अधीक्षकों को स्वस्थ यकृत मिशन अभियान के क्रियान्वयन संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने बताया कि विदिशा जिले में अभियान की निहित बिंदुओं पर शत प्रतिशत कार्यों का संपादन किया जा रहा है। स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत स्क्रीनिंग कार्य अनिवार्य रूप से सभी स्वास्थ्य संस्थानों उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल एवं नगरीय क्लीनिक में संपादित हो के संदर्भ में पूर्व से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं।

**स्क्रीनिंग** – स्वस्थ यकृत मिशन अभियान तहत स्क्रीनिंग में सम्मिलित होना चाहिए इसके लिए जिला स्तर पर कार्य योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिसके अनुसार घर-घर जाकर स्क्रीनिंगसामुदायिक स्तर पर स्क्रीनिंग सभी ओपीडी में आने वाले पात्र आयु वर्ग के मरीज सभी जोखिमयुक्त व्यक्ति लाइन लिस्ट किए जाएं एनसीडी रजिस्टर में दर्ज की जा रहीं हैं।

**रिपोर्टिंग** – प्रतिदिन गूगल शीट के माध्यम से रिपोर्ट शाम 6 बजे तक राज्य एनसीडी प्रकोष्ठ को भिजवाने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। तदनुसार कार्यों का संपादन व रिपोर्ट भेजने के कार्य भी समानांतर क्रियान्वित किये जा रहे हैं। यह प्राथमिकता वाली मिशन मोड पर प्रतिदिन होने वाली गतिविधि है हर खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी क्लिनिक प्रभारी, जिला चिकित्सालय यह सुनिश्चित करें कि स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत फैटी लिवर की स्क्रीनिंग प्रतिदिन अनिवार्य रूप से हो। इस हेतु तत्काल निर्देशन जारी किए गए हैं।

## अतिक्रमण मुक्त भूमि पर वन विभाग कराएगा पौधारोपण जिला वन मंडल अधिकारी ने लिया जायजा



**सिरोंज।** कोर्ट के आदेश के बाद वन विभाग ने भोपाल रोड चौड़ा खेड़ी पर वन विभाग की 81 हेक्टर से अधिक जमीन को अतिक्रमण धारियां के चंगुल से मुक्त करवा लिया अब इस जगह पर वनविभाग के द्वारा पौधारोपण करने कार्य करवाया जाएगा। इसका निरीक्षण करने के लिए मंगलवार को जिला वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव पहुंचे और उन्होंने सबसे पहले पूरे क्षेत्र का भ्रमण करके पौधारोपण करने के निर्देश दिए वन परीक्षित अधिकारी ब्रज मीणा ने बताया कि जिला वन अधिकारी के मार्गदर्शन में अतिक्रमण मुक्त हुई जमीन पर जल्द ही पौधारोपण का कार्य प्रारंभ करके जमीन को हरा भरा बनाने का काम करेंगे तार फेंसिंग भी करवाएंगे। पौधारोपण होने से पर्यावरण के लिए भी फायदा होगा। उक्त जमीन पर ववफ और अन्य लोगों ने कब्जा कर रखा था जिसको 6 साल पहले हाई कोर्ट ग्वालियर खंडपीठ ने खाली करवाने का आदेश दिया था उसका पालन अब जाकर हो पाया है।

## लू का प्रकोप दोपहर में सड़कों हो गई खाली, 44 डिग्री पहुंच तापमान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**




पिछले तीन दिनों से गर्मी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। मंगलवार को तापमान 44 डिग्री के करीब टेंपरेचर होने से दोपहर में तो सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा था गर्मी के थप्पड़ों के कारण दो पहिया वाहन चलाना और पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। कूलर पंखे भी गर्म हवा दे रहे हैं एसी भी इस गर्मी में फेल दिखाई दे रहे हैं इतना अधिक असर गर्मी का एकदम से होने से लोगों की हालत भी खराब हो रही है उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में भी अचानक से वृद्धि हो गई मई का पूरा महीना कैसे निकल गया पता ही नहीं चला जून के महीने में गर्मी का एहसास देखने को मिल रहा है कि घरों से निकलना लोगों का मुश्किल हो रहा है। आने वाले दिनों में इसी तरह का असर गर्मी का देखने को मिलेगा ऐसी संभावना मौसम द्वारा जाहिर की है। डॉक्टर के द्वारा सलाह दी जा रही कि आवश्यकता होने पर ही घरों से बाहर निकले पूरी सावधानी का पालन पर है नींबू पानी के साथ तरल पदार्थ का ज्यादा उपयोग करें अधिक मात्रा में पानी पिए।

**मेट्रो एंकर** विशाल पौराणिक वटवृक्ष की छत्रछाया में हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन

# वैज्ञानिक किसानों को दे रहे नवीन अनुसंधानों और उन्नत तकनीकों की जानकारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत पौराणिक गाथाओं से जुड़े ग्राम पंचायत आमखेड़ा कालू में वटवृक्ष (लक्ष्मण झूला) में विकसित कृषि संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक संचालक कृषि, सहायक कृषि यंत्री, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड गंजबासौदा / नटेरन , सरपंच, कृषि वैज्ञानिक एवं विकासखंड नटेरन / गंजबासौदा के कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थिति रहे।

नटेरन के ग्राम सेउ, पमारिया एवं आमखेडा कालू में भी कृषि शिविर आयोजित किये गये। ग्राम पमारिया में आयोजित शिविर में सहायक कृषि यंत्री श्री पीएस शाक्य ने बताया की अनुदान पर उन्नत कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर, रोटावेटर, सीड कमफर्टी ड्रिल, ब्रॉड बेड फरो-प्लांटर, श्रेडरध्मल्चर,



डायरेक्ट राइस सीडर आदि प्राप्त् करने के लिये विभाग के पोर्टल ई-कृषि यंत्र पर कृषक स्वंय आवेदन कर सकते हैं अभी साईट खुली हुई है आवदेन आमंत्रित किये जा रहे है। प्राप्त आवेदनों पर लक्ष्य अनुसार, कंम्प्यूटरीकृत लॉटरी अनुसार कृषकों को पात्रता अनुसार कृषि यंत्र उठाने पर अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। ग्राम आमखेडा कालू में सहायक संचालक कृषि महेन्द्र सिंह ठाकुर ने उपस्थित कृषकों को नरवाई न जलाने की शपथ दिलाई एवं कृषकों को स्वाईल हेल्थ कार्ड वितरण किये।

ग्यासरसपुर के मढीपुर, अटारीखेजडा एवं पीपलखेडी ग्रामों मे भी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत सभायें आयोजित हुई। सभाओं में ग्राम के सरपंच, क्षेत्र के तहसीलदार, तथा एसडीएम महोदय एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम मढीपुर के कार्यक्रम की निगरानी करने जिले से सहायक संचालक उद्यान गिरवाल पहुंचे तथा ग्राम अटारीखेजडा के कार्यक्रम की निगरानी करने जिले से उप संचालक कृषि के.एस. खपेडिया तथा ग्राम पीपलखेडी के कार्यक्रम की निगरानी करने जिले से सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय सिंह पहुंचे। सभी विभागों के अधिकारियों ने विभाग में चल रही योजनाओं की जानकारी किसानों को प्रदान की। साथ ही किसानों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतुष्टि पूर्वक उत्तर प्रदान किये गये एवं किसानों की समस्या को हल किया गया।

### सफर के दौरान महिला समेत कई यात्रियों का कीमती सामान चोरी

# आऊटर पर युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर भागा बदमाश

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में मोबाइल फोन और सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। निशातपुरा आउटर पर गेट पर खड़े एक युवक के हाथ से बदमाश मोबाइल फोन छीनकर भाग निकला, वहीं महिला समेत कई यात्रियों का हजारों का सामान चोरी चला गया। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार खंडवा निवासी वीरेंद्र मालाकार उज्जैन भोपाल पैसेंजर ट्रेन से भोपाल आ रहा था। निशातपुरा स्थित डी केबिन के पास वह गेट पर खड़ा हुआ था। इसी दौरान एक बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और भाग निकला। अंधेरा होने के कारण वह बदमाश का चेहरा नहीं देख पाया था। लूटे गए मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए बताई गई है। इधर रतलाम निवासी श्रीनाथ योगी जयपुर भोपाल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार होकर भोपाल आए थे। प्लेटफार्म क्रमांक पांच पर ट्रेन से उतरने के बाद देखा तो जेब में रखा 35 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन गायब था। मोबाइल के कवर में यात्रा टिकट भी रखा हुआ था। सोते समय बैग ले उड़े बदमाश नई दिल्ली निवासी तरुण गुप्ता समता एक्सप्रेस के एसी कोच में रायपुर से निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। सोते समय उन्होंने अपनी बैग सीट पर रखा था। भोपाल स्टेशन पर नींद खुली तो बैग चोरी हो चुका था। बैग के अंदर 30 हजार रुपए कीमत के दो मोबाइल फोन और अन्य सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार सागर निवासी सेविस्टीना सालोमन पाताल कोट एक्सप्रेस में बैतूल से बीना की यात्रा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन सीट पर रखे बैग में रखा हुआ था। नींद लगने पर किसी ने उनका 10 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। आरकेएमपी पर चोरी हुआ पर्स और मोबाइल फरियादी देवेंद्र कुमार सोनी इटारसी जाने के लिए आरकेएमपी पहुंचे थे। वह अमरकंट एक्सप्रेस के आने का इंतजार कर रहे थे। ट्रेन में चढने के बाद देखा तो उनकी पैंट की जेब में रखा पर्स चोरी हो चुका था। चोरी गए पर्स में 7 हजार रुपए नकद, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बाइक की आरसी, ड्राइविंग लाइसेन्स समेत अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। इसी प्रकार ग्वालियर निवासी उदयभान जाटव अपने बच्चे को दिखाने के लिए एम्स अस्पताल आए थे। वापस लौटने के लिए वह रानी कमलापति स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। ओवर ब्रिज पर वह अपना थैला रखकर सो गए थे। सुबह नींद खुली तो थैले के अंदर रखा मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है।



### मोबाइल चुराकर चलती ट्रेन से कूदकर भागा बदमाश

भोपाल। दक्षिण एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक युवक का चार्जिंग में लगा मोबाइल फोन चोरी कर बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। इधर एक युवती की सीट पर रखा 46 हजार रुपए का मोबाइल फोन चोरी हो गया। सफर के दौरान की अन्य यात्रियों के कीमती मोबाइल फोन चोरी हो गए। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के महासमुंद में रहने वाला दिनेश यादव दक्षिण एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से बैतूल की यात्रा कर रहा था। सफर के दौरान उसने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पाइंट पर लगाया था। इटारसी स्टेशन पहुंचने से पहले ट्रेन की रफ्तारी काफी धीमी थी। बर्थ पर रखा युवती का 46 हजार का मोबाइल फोन चोरी इस दौरान एक बदमाश ने दिनेश का मोबाइल चार्जिंग पाइंट से निकाला और चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। ट्रेन रुकने पर दिनेश ने बदमाश की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला तो जीआरपी पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी गए मोबाइल की कीमत 16 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार बैतूल निवासी गुनाराम दक्षिण एक्सप्रेस के जनरल कोच में होशंगाबाद से आमला की यात्रा कर रहा था। होशंगाबाद स्टेशन से ट्रेन चलने के करीब पांच मिनट बाद देखा तो उसके पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन गायब हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 14 हजार रुपए बताई गई है। घर पहुंचकर गुनाराम मोबाइल का बिल और कागजात लेकर वापस जीआरपी पहुंचा और चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। एसी कोच से उड़ाया युवती का मोबाइल उड़ीसा की रहने वाली अम्रिता प्रीतम साहू पिछले दिनों अपने परिवार के साथ बलसाड़ वीकली एक्सप्रेस के एसी कोच में भुवनेश्वर से उज्जैन की यात्रा कर रही थी।

## चाकू मारकर लूटपाट करने वाला बदमाश गिरफ्तार




**भोपाल।** इटारसी रेलवे स्टेशन पर एक युवक के पेट पर चाकू मारकर लूटपाट करने वाले कुख्यात बदमाश को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी निगरानी बदमाश है, जिसके खिलाफ करीब दो दर्जन अपराध पहले से दर्ज हैं। आरोपी से लूटे गए रुपये और वारदात में उपयोग किया गया चाइना मेड चाकू बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी नरेंद्र गुनरिया पिछले दिनों अपने मामा के घर नागपुर गया था। सात जून को वह जयपुर एक्सप्रेस से नागपुर से इटारसी आया। स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद बाहर चाय पीने गया और भोपाल आने के लिए वापस स्टेशन पर पहुंचा। मुसाफिर खाने के पास उसे अज्जू पंडित नामक युवक मिला, जिसे वह पहले से जानता है। अज्जू नशे की हालत में था और नरेंद्र के साथ पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। नरेंद्र ने उसे गाली देने से मना किया तो अज्जू ने चाकू निकालकर उसके पेट में घोंप दिया, जिससे खून निकलने लगा। नरेंद्र अपना पेट पकड़कर बैठ गया तो अज्जू ने जबरन उसकी जेब में हाथ डालकर 7715 रुपए नकद और एक मोबाइल फोन समेत करीब 21 हजार पांच सौ रुपए का सामान छीनकर भाग निकला। जीआरपी ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास और लूटपाट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। लूट के रुपये और हथियार भी हुआ बरामद कुख्यात बदमाश है आरोपी अज्जू पंडित मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रेल राहुल कुमार लोढ़ा ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम बनाने के निर्देश दिए थे। जीआरपी थाना प्रभारी आरएस बकौरिया के नेतृत्व में बनाई गई टीम ने आरोपी अजय उर्फ अज्जू पंडित (24) निवासी ग्राम जोहरिया, थाना करेली जिला नरसिंहपुर हाल पता पोटर खोली झुग्गी झोपड़ी इटारसी जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से लूट के बचे हुए 1760 रुपए नकद और वारदात में उपयोग किया गया चाइना मेड खटकेदार चाकू बरामद किया है। बताया जाता है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व से दो दर्जन अपराध दर्ज हैं। वह जीआरपी

## बिलखिरिया से लापता नाबालिग 12 दिन बाद औरंगाबाद से बरामद




भोपाल, दोपहर मेट्रो

**बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार**

भोपाल। बिलखिरिया इलाके से लापता हुई एक नाबालिग को पुलिस ने औरंगाबाद महाराष्ट्र से बरामद कर लिया है। इस मामले में नाबालिग के बयान के बाद उसे लेकर जाने वाले आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण, शारीरिक शोषण और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि इस मामले की शिकायत बीती उन्नीस मई को इलाके में रहने वाली एक महिला ने की थी।

फरियादिया ने पुलिस को बताया कि उनकी सोलह वर्षीय बेटी शाम करीब चार बजे घर से बगैर बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर एक विशेष टीम बनाकर नाबालिग की तलाश में लगाया गया था।

मुखबिर से मिली सूचनाओं और तकनीकी आधार पर पुलिस की एक टीम महाराष्ट्र के औरंगाबाद (संभाजी नगर) भेजी गई थी, जहां से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। किशोरी के साथ उसे बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी युवक अभिनस चौहान को भी हिरासत में लिया गया। नाबालिग के बयान के बाद आरोपी अभिनस के खिलाफ अपहरण के साथ ही दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। किशोरी को बरामद और आरोपी को गिरफ्तारी करने में टीआई उमेश सिंह चौहान के साथ ही एएसआई शेरसिंह, हेड कांस्टेबल योगेश भवसार, आरक्षक आकाश सिंह, महिला आरक्षक खुशबू पंवार, सायबर सेल के प्रआर मुश्ताक

## गैस भभकने से झुलसे पिता के बाद ढाई महीने की वेदांशी की भी मौत

**रविवार शाम सुसाइड या फिर हादसा, पुलिस जांच में जुटी**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित पुरानी विधानसभा के सामने रविवार शाम गैस भभकने से दंपती और उनकी ढाई महीने की बेटी झुलस गई। सभी को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां सोमवार सुबह घर के मुखिया की मौत हो गई। शाम इलाके दौरान ढाई महीने की वेदांशी ने दम तोड़ दिया। मृतक ने मरने से पहले बयान में बताया था कि रिसती हुई गैस में माचिस रगड़ने से हादसा हुआ?था। जबकि पुलिस की जांच में पता चला कि यह हादसा नहीं बल्कि परिवार के मुखिया ने जानबूझकर परिवार सहित खुद को जलाकर खत्म करने की कोशिश की थी। दरअसल, विवाद की वजह मुखिया की पत्नी और माता सहित बहन के बीच होने वाले विवाद की बात सामने आई?है। पुलिस के अनुसार पुरानी विधानसभा के सामने झुग्गी निवासी शिशुपाल रैकवार पिता राजू रैकवार (36) एमपी टूरिज्म में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी थे। वे यहां अपनी पत्नी शिवांगी रैकवार और ढाई महीने की बच्ची वेदांशी के साथ रह रहे थे। रविवार शाम वे झुग्गी में थे, वहीं कमरे में उनकी पत्नी शिवांगी और वेदांशी बैठे हुए थे। शिशुपाल ने चाय बनाने के लिए गैस खोली और माचिस की तीली रगड़ी थी। साइड वाली गैस पहले से खुले होने के कारण आग भभक गई। रिसी हुई गैस में आग भभकने के कारण पास खड़े शिशुपाल गंभीर रूप से झुलसे थे, जबकि कुछ दूरी पर बैठी उनकी पत्नी और गोद में बैठी वेदेही झुलस गए। चीखपुकार सुनकर आसपास पहुंचे लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और घायल परिवार को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। वहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह शिशुपाल की मौत हो गई। शिवांगी के स्वास्थ्य में सुधार होने के कारण उसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। मासूम वेदेही का इलाज चल रहा था, लेकिन सोमवार शाम उसने भी दम तोड़ दिया। आत्महत्या की आशंका पुलिस की जांच में पता चला कि शिशुपाल ने ढाई साल पहले शिवांगी से लव मैरिज की थी। इसके बाद से ही परिवार से विवाद चल रहा था। शिशुपाल की बहन और मां आए दिन शिशुपाल की किराए की झुग्गी में आती थी और उसकी पत्नी से विवाद करती थी। इसी बात को लेकर शिशुपाल और उसकी पत्नी का भी विवाद होता था। इसी के चलते रविवार शाम शिशुपाल ने यह कदम उठा लिया।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

भोपाल। बैरसिया इलाके में एक्सीडेंट में हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सेहरिया ग्राम सोनकच्छ तहसील बैरसिया में रहता था। बीती दो जून की रात वह अपने साथी अनिल कलावत के साथ बाइक से महानीम चौराहा के पास ग्राम मोई जाने के लिए निकला था। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दोनों भैजाखेड़ी के आगे घाटी वाले मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने आ रही एक तेज रफ्तारा बाइक के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने वीरेंद्र सेहरिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पटवारी की कार को यात्री बस ने मारी टक्कर



**भोपाल।** हनुमानगंज इलाके में एक यात्री बस ने पटवारी की कार को टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के मुताबिक अब्दुल लतीफ (59) खिलचीपुर जिला राजगढ़ के रहने वाले हैं और पटवारी हैं। कल शाम करीब चार बजे वह अपनी कार से अल्पना टाकीज से भारत टाकीज की तरफ जा रहे थे। नव बहार सब्जी मंडी के सामने एक निजी ट्रैवल्स की यात्री बस ने उनकी कार में ड्रायवर साईड में टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर, गोविंदपुरा इलाके में तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटर सवार भाई बहन घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कुलदीप सिंह (52) भारती निकेतन में रहते हैं। दो दिन पहले वह अपनी बहन वर्षा (55) के साथ स्कूटर से पुराने शहर जाने के लिए निकले थे। भारती निकेतन मोड़ के पास रचना टावर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गांव रतनपुर आईपीएस स्कूल के हॉस्टल के पीछे रेलवे ट्रैक से पुलिस ने एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया है। थ्रू ट्रेन की चपेट में आने से शरीर के टुकड़े टुकड़े हो गए। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब सवा 7 बजे मिसरोद स्टेशन मास्टर जय हिंद परमार ने सूचना दी कि रतनपुर रेलवे ट्रैक पर किसी युवक का क्षत विक्षत शव पड़ा है। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया। हेड कांस्टेबल दीपक टिटारे ने बताया कि मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। मृतक पुरूष है और उसकी उम्र करीब 35 साल के आसपास होगी। उसका हुलिया आसपास के थानों में भेज दिया गया है।

**मेट्रो एंकर** दो शातिर नकबजन गिरफ्तार, आठ लाख रुपए का माल जब्त

# चार सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों से रूटमैप तैयार किया, पकड़ाए आरोपी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

हबीबगंज पुलिस ने दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर उनसे सोने चांदी के जेवरात सहित आठ लाख रुपए का माल बरामद किया है। वारदात के बाद आरोपी खाटू श्याम दर्शन करने पहुंचे और वहां सोने चांदी के जेवरा सहित अन्य सामान अपने परिचित के घर रख दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही से नकबजनी का माल बरामद कर लिया है।पुलिस के गत 3 जून को तारा कुजूर पति कोसमोस कुजूर (56) निवासी स्वपनिल होम्स सेकंड, ई-7 अशोका सोसाईटी हबीबगंज ने शिकायत करते हुए बताया था कि वे सुबह 10 बजे अपने घर से आफिस के लिए निकल गई?थी। उनका बेटा अमरदीप कुजूर साढ़े 10 बजे घर का ताला लगाकर अपने आफिस चला गया। शाम साढ़े 6 बजे वे घर पहुंची तो घर का गेट खुला हुआ था। अन्दर जाकर देखने पर पता चला कि सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। ताला उनके बेडरूम में बेड पर पड़ा हुआ था। बदमाश उनके घर से सोने चांदी के जेवरात कंगन, 4 नग, सोने की चेन, सोने की कान की बाली, सोने का सुईधागा सोने का झुमका,सोने की बालियां (टाप्स), सोने की अंगुठी, चांदी के सिक्के 08 नग, चांदी की पायल, बिछुडी एवं नगदी चुराकर ले गए थे। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस ने इलाके में लगे करीब चार सौ अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए। कैमरो का रूटमैप तैयार कर पुलिस ने आरोपी तक पहुंची। पुलिस ने उक्त मामले में प्रकाश थौरात उर्फ बबलू पिता सौपान थौरात (50) दशहरा मैदान, थाना टीटी नगर भोपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी आयुष रजक पिता विमलेश रजक (29) सहयाद्री परिसर, कमला नगर के साथ मिलकर वारदात करनी स्वीकार ली। आरोपियों ने बताया किवह वह खाटू श्याम जयपुर राजस्थान में अपने परिचित के घर अपराध सदर मे चोरी गए।

## ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग को कुचला, मौत

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बालमपुर घाटी, महाराजा ढाबा के पास बीती देर रात ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बुजुर्ग सड़क पर गिरे और ट्रक की चपेट में आ गए। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई?थी। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी है। आज पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि मिट्ठूलाल जाटव (62) गांव कालीतौर, शाहपुर सेमरा, थाना सलामतपुर के रहने वाले थे। वे प्राइवेट काम करते थे। बीती रात वे भोपाल से अपने गांव बाइक से अकेले ही लौट रहे थे। बालमपुर घाटी से पूर्व महराज ढाबा के पास पहुंचते ही उ नकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर भाग चालक हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद ट्रक बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद बाइक ट्रक में फंस गई?थी। ट्रक का चालक मौके पर ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022